# प्रेस नोट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर दिनांक 22.05.2025

## हत्या का प्रयास करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद बांका बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक शाहपुर के नेतृत्व में उ0नि0 रंजीत तिवारी मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 251/2025 धारा 109 भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्त रविन्द्र को घटना में प्रयुक्त में 01 अदद बांका के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 21.05.2025 को अभियुक्तगण द्वारा जान से मारने की नियत से वादी मुकदमा के ऊपर धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया गया । जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

रविन्द्र खटीक पुत्र सुरेश खटीक ग्राम टोला बनरहीया बेदौली थाना निचलौल महराजगंज हाल पता पी0जी0एस0एस0 कैम्पस फातिमा हास्पिटल के सामने थाना शाहपुर गोरखपुर

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0- 251/2025 धारा 109 भा0न्या0सं0 व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर

**बरामदगी-** घटना मे प्रयुक्त 01 अदद बांका

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. उ0नि0 रंजीत तिवारी थाना शाहपुर गोरखपुर
2. हे0का0 धीरेन्द्र सिंह यादव थाना शाहपुर गोरखपुर
3. का0 राहुल सरोज थाना शाहपुर गोरखपुर